आजादी की वर्षगाँठ

(कविता)

1

आजादी की वर्षगाँठ है *हर्ष* बढ़ाने वाली,
अंधकार को दूर भगाकर *ज्योति जगाने* वाली।
हमें देश की आजादी है प्राणों से भी प्यारी,
जिसके लिए लगी है सारी जीवन-*शक्ति* हमारी।
हम हैं नन्हें वीर, देश की करते रखवाली,
आजादी की वर्षगाँठ है हर्ष बढ़ाने वाली।

हमें मित्रता से जग के हैं, द्वेष-घृणा सब धोने,
युग-नभ से हम मिटा रहे हैं, *युद्धमेघ* अनहोने।
स्वाभिमान के *अग्रदूत* हम हैं अनंत बलशाली,
आजादी की वर्षगाँठ है हर्ष बढ़ाने वाली।।

मिल जुल कर प्रत्येक समस्या को हम सुलझाते हैं,
देश बनाने के *निमित्त श्रम* का *पथ* अपनाते हैं।
स्वावलंबन है *ध्येय* हमारा, अनुपम गौरवशाली,
आजादी की वर्षगाँठ है *हर्ष* बढ़ाने वाली।।

शब्द-अर्थ

हर्ष — खुशी *(glad)*, ज्योति जगाना — प्रकाश फैलाना *(to spread light)*, अग्रदूत — आगे चलने वाले *(leader)*, निमित्त — लिए, हेतु *(for)*, पथ — रास्ता *(way)*, ध्येय — उद्देश्य *(aim)*। अंधकार — अँधेरापन *(darkness)*, युद्धमेघ — युद्ध के बादल *(clouds of war)*, मिल जुल कर — एक होकर *(together)*, श्रम — मेहनत *(hard-working)*, शक्ति — ताकत *(strength)*,

कविता का भावार्थ – प्रस्तुत कविता को कवि ने हमारे देश के राष्ट्रीय त्योहार स्वतंत्रता दिवस पर प्रस्तुत की है। कवि कहते हैं आजादी की यह सालगिरह हमारी प्रसन्नता को बढ़ाती है और सबके मन से अंधकार को दूर करके उसमें प्रकाश भरती है। हमें अपने देश की आजादी प्राणों से प्यारी है जिसके लिए हमारी पूरी जीवन की शक्ति लगी हुई है। हम छोटे-छोटे वीर बालक भी अपने देश की रखवाली करते हैं। आजादी की यह सालगिरह प्रसन्नता को बढ़ाती है। हमें विश्व के लड़ाई-झगड़े, मन-मुटाव, ईर्ष्या-द्वेष सब मित्रता से हल करने हैं और सबसे बातचीत करके हमें सभी युद्ध के छाए बादलों को मिटाना है। स्वाभिमान से आगे चलने वाले हम अत्यंत बलशाली हैं। आजादी की यह सालगिरह प्रसन्नता को बढ़ाती है। हम एक-साथ मिलकर हर आने वाली परेशानी को सुलझाकर देश को आगे बढ़ाने के लिए मेहनत का मार्ग अपनाते हैं। हमारा आत्म सम्मान हमारा संकल्प है और हमारा अनुपम गौरवशाली है। आजादी की हमारी यह सालगिरह प्रसन्नता को बढ़ाती है।

अभ्यास

मौखिक

1. इन शब्दों को पढ़कर सुनाइए–

वर्षगाँठ	ज्योति	द्वेष	घृणा	युद्धमेघ
अग्रदूत	पथ	हर्ष	श्रम	शक्ति

2. निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–

(क) प्रस्तुत कविता का शीर्षक क्या है?

(ख) पंद्रह अगस्त को और किस नाम से जानते हैं?

(ग) स्वतंत्रता दिवस का महत्व बताइए।

लिखित

1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए–

(क) भारतवासी मिलजुल कर समस्या को क्या करते हैं?

☐ सुलझाते हैं ☐ पास बुलाते हैं ☐ उलझाते हैं

(ख) हम देश को बनाने, तरक्की की राह पर ले जाने के लिए क्या करते हैं?

☐ परिश्रम करते हैं ☐ स्वाभिमान जगाते हैं ☐ हर्षित होते हैं

(ग) 'ज्योति जगाना' से कविता में किससे संबंध है?

☐ प्रकाश फैलाने से ☐ दीपक जलाने से ☐ ज्योति को जगाने से

2. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए—

(क) मिलजुल कर प्रत्येक समस्या को हम सुलझाते हैं,

....।

स्वावलंबन है ध्येय हमारा, अनुपम गौरवशाली,

....।

(ख) हमें देश की आजादी है ....,

________________________ सारी जीवन-शक्ति हमारी,

हम हैं नन्हें वीर, ...,

.... हर्ष बढ़ाने वाली।

3. सही वाक्यों के सामने (✓) तथा गलत वाक्यों के सामने (✗) का निशान लगाइए—

(क) पंद्रह अगस्त आजादी की वर्षगाँठ का दिन है। ☐

(ख) हमें मिलजुल कर देश की प्रगति में साथ देना चाहिए। ☐

(ग) इस दिन हमारे देश का संविधान लागू हुआ था। ☐

(घ) यहाँ एक ही धर्म की प्रमुखता है। ☐

(ङ) देश की प्रगति के लिए श्रम आवश्यक है। ☐

4. कविता के आधार पर सही मिलान कीजिए—

(क) आजादी	(i) श्रम
(ख) जीवन	(ii) वर्षगाँठ
(ग) द्वेष	(iii) शक्ति
(घ) युद्ध	(iv) घृणा
(ङ) निमित्त	(v) मेघ

5. कविता से निम्नलिखित भाव वाली पंक्तियाँ लिखिए–

(क) हमें विश्व के लड़ाई-झगड़े, मन-मुटाव, ईर्ष्या-द्वेष सब मित्रता से हल करने हैं और सबसे बातचीत करके हमें सभी युद्ध के छाए बादल मिटाने हैं।

....

(ख) आजादी की यह सालगिरह हमारी प्रसन्नता को बढ़ाती है और सबके मन में अंधकार को भगाकर नया प्रकाश भरती है।

....

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) आजादी की वर्षगाँठ हमारी क्या बढ़ाती है?

(ख) आजादी की वर्षगाँठ किस दिन मनाई जाती है?

(ग) मित्रता से हम क्या-क्या काम कर सकते हैं?

(घ) भारत में रहने वाले नन्हें वीरों के भीतर कौन-कौन-से गुण हैं?

भाषा-ज्ञान

1. दो-दो तुकांत शब्द लिखिए–

(क) प्यारी – ....

(ख) धोने – ....

(ग) बलशाली – ....

(घ) सुलगते – ....

2. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

(क) स्वतंत्र	→	(ख) बलशाली	→ ....
(ग) हर्ष	→	(घ) वीर	→ ....
(ङ) अंधकार	→	(च) मित्रता	→ ....
(छ) अँधेरा	→	(ज) दुश्मनी	→ ....
(झ) जीवन	→	(ञ) देश	→ ....

3. निम्नलिखित शब्दों के वर्ण-विच्छेद कीजिए–

(क) मित्रता → .... + ... + ... + ... + ... + ...

(ख) अनुपम → .... + ... + ... + ... + ... + ...

(ग) स्वाभिमान → .... + ... + ... + ... + ... + ... + ... + ...

(घ) अंधकार → .... + ... + ... + ... + ... + ... + ...

4. निम्नलिखित शब्दांशों के लिए एक शब्द, दिए शब्दों में से छाँटकर लिखिए–

(क) जिसे स्वयं पर अभिमान हो → ....

(ख) जो स्वयं पर ही निर्भर रहने वाला हो → ....

(ग) जिसके समान कोई दूसरा न हो → ....

(घ) गौरव प्रदान करने वाला → ....

(ङ) देख-रेख करने वाला → ....

(च) जो आगे चलने वाला हो → ....

अग्रदूत
गौरवशाली
रखवाला
अनुपम
स्वावलंबी
स्वाभिमानी

क्रियात्मक गतिविधि

- आप अपने विद्यालय में पंद्रह अगस्त किस प्रकार मनाते हैं? इसके बारे में अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

- एक एलबम तैयार कीजिए, जिसमें स्वतंत्रता सेनानियों की फोटो चिपकाइए और उनके नाम भी लिखिए।
- सब बच्चे एक-एक देशभक्ति की कविता लाकर कक्षा में लगे श्राइन बोर्ड पर चिपकाएँ, फिर समय मिलने पर एक-दूसरे की कविता पढ़कर आनंद लीजिए।